Mobil No. 8178206165

# DHANKA JANJATI SAMAJ SAMITI DELHI (REGD)

## 5th STUDENTS COUNCELLING CAMP – 2024

## 12 MAY 2024 (SUNDAY) FROM 11 AM TO 05 PM

## GANDHI SHANTI PARTISTHAN
## DEEN DAYAL UPADYAY MARG, NEAR ITO METRO STATION, GATE NO.- 2, NEW DELHI – 110001

## Golden opportunity to choose career

# AFTER 12TH PASS

1. Which Courses are the Best and their Name
2. Which Colleges are the Best and their Name
3. Which Degree / Diploma are the Best and their Name
4. Which Computer Courses are the best and their name
5. The Presentation will be shown on the screen by the Projector.
6. All student will be given Brochure and Booklate Free of cost.

**Prepared By** **Babu Lal Mawar**

**President**

**Dhanka Janjati Samaj Samiti Delhi**

# धानका जनजाति समाज समिति दिल्ली (पंजी.)

**कार्यालय – ई-505, वेस्ट विनोद नगर, नई दिल्ली**
**दूरभाष 9212333327, 8178206165, 9650283605**

## पाँचवा परामर्श सलाह सहायता कैम्प
## दिनांक 12 मई 2024 (रविवार)

## AFTER 12Th PASS

क्लास **12** तक स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद ग्रेजुएशन में कॉलेज एडमिशन के लिए सीयूईटी एक प्रवेश परीक्षा है। ये नेशनल लेवल एग्जाम है जिसका संचालन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी **(NTA)** करती है। **Cuet** का **enterance exam** के आधार पर आपकी मेरिट लिस्ट बनाई जाती है इस परीक्षा में हासिल मार्क्स के आधार पर आपको विभिन्न यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में विभिन्न कोर्सेस में दाखिला मिलता है।

**12th** पास करने के बाद छात्रों के लिए  क्या करें सबसे बड़ा सवाल बन जाता और वह कंफ्यूज रहते है की ढेरों कोर्सेज में से सर्वश्रेष्ठ कोर्स कैसे चुने। वे सोचते है की उनके कैरियर के लिए क्या बेहतर ऑप्शन है और उन्हें अपने अच्छे भविष्य के लिए क्या करना चाहिए | क्यूंकि यह आपके कैरियर के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पड़ाव है | इस समय बिना सोचे समझे किया गया  एक गलत फैसला आपको जीवन भर पछताने के लिए मजबूर कर सकता है | इसलिए अपनी योग्यता, अच्छे जॉब के विकल्प आपका इंट्रेस्ट इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए ही अपने लिए सही विकल्प चुने | आपके लिए कोनसे विकल्प सही रहेंगे इसके लिए हम आपको कुछ सुझाव दे रहे जो की **12th paas karne ke baad** इस समस्या को काफी हद तक सुलझा देंगे | तो आइये जानते है **12th** पास करने के बाद क्या है |

**12वीं के बाद आप डिप्लोमा कोर्स या Degree Course कर सकते हैं।**

1. **DIploma course**
2. **Degree course**
3. **Professional courses**

उन विधार्थियों के लिए जो नौकरी करना चाहते हैं ओर उनके पास रेगुलर कोर्स करने का समय नहीं है उन विधार्थियों के लिए डिप्लोमा कोर्स

**1. Diploma Courses:-** जो विधार्थी 12वीं कक्षा पास करने के बाद कम समय में  नौकरी करके अच्छा पैसा कमाना चाहते हैं उन विधार्थियों के लिए केवल **Diploma Course** सही कोर्स हैं. इसकी अवधि **6** महिने से लेकर **2 – 3** साल है लेकिन अगर आप डिप्लोमा के साथ साथ **Correspondence** से **Graduation** भी कर ले तो आपकी **Graduation** भी पुरा हो जायेगी ओर डिप्लोमा भी। आप किसी भी **strem** जैसे **Arts, Commerce and Science** वाले सभी छात्र - छात्राऐ यह **Diploma Courses** कर सकते हैं।

**2. Degree Courses: -** 12वीं के बाद तीन साल का कोर्स पूरा करने के पश्चात अंडर ग्रेजुएशन की डिग्री मिलेगी. वहीं, चार साल की पढ़ाई करने पर यूजी डिग्री (ऑनर्स) दी जाएगी. अगर कोई छात्र चार साल के कोर्स में दाखिला लेता है तो वह तीन साल के बाद यूजी डिग्री लेकर जा सकता है. हाई स्कूल के बाद, डिग्री हासिल करने के लिए हमें **Arts, Commerce, and Science** विषयों में से किसी एक का चयन करना पड़ता है ओर डिग्री हासिल करने के पश्चात हमें विभिन्न प्रकार की नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। इसलिए कोई विकल्प चुनने से पहले, उपलब्ध असंख्य संभावनाओं का अध्ययन करना महत्वपूर्ण है। हमे अपनी रुचियों और योग्यताओं पर विचार करना चाहिए और परामर्शदाताओं और विशेषज्ञों से सलाह लेनी चाहिए।

**3. Professional courses:- Professional Course** एक ऐसी डिग्री है जो किसी को किसी विशेष पेशे , अभ्यास या उद्योग क्षेत्र में काम करने के लिए तैयार करती है जो अक्सर लाइसेंस या मान्यता के लिए शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करती है।

**Diploma तीन प्रकार के होते हैं**

1. **Digital Marketing Course**
2. **Computer Courses**
3. **Para Medical Courses**

**(i) Digital Marketing Course :- Digital Marketing Course** में आप वेबसाइट बनाने के साथ-साथ, अच्छी वेबसाइट डिजाइन और यूजर एक्सपीरियंस को समझना भी सीख सकते हैं। संचार ( **Internet**) के जरिए ग्राहकों तक पहुंचना : डिजिटल मार्केटिंग कोर्स से आप नए संचार के जरिए अपने ग्राहकों तक पहुंचने की कला सीख सकते हैं। इसमें ईमेल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग शामिल हैं। करोड़ों इंटरनेट यूजर्स के होने के चलते कई व्यवसायों, ब्रांडों, कंपनियों ने अपने पारंपरिक मार्केट को नवीनतम डिजिटल दृष्टिकोणों पर केन्द्रित कर लिया है। जिसके कारण डिजिटल सेक्टर में लाखों नौकरियों का सृजन हुआ है। करोना के पश्चात कई कम्पनियां अपने स्टाफ **(Worker)** को घर से काम करने के लिए सहमति जताई जा रही है। अगर आप भी एक आकर्षक सैलरी वाली जॉब हासिल करना चाहते हैं तो डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की मदद ले सकते हैं। इस कोर्स के जरिए हजारों युवाओं ने डिजिटल सेक्टर में अपना करिअर बनाया है।

**<u>TOP 5 Courses for Digital Marketing</u>**

**(1) Social Media: -** परफॉर्मेंस-मार्केटिंग क्या होती है परफॉर्मेंस-मार्केटिंग की परिभाषा क्या होती है, - इसमें वस्तुओं और सेवाओं का समान रूप से प्रचार करना शामिल होता है, एडवरटाइजिंग कैम्पेनिंग्स की सफलता के लिए इस तरह की मार्केटिंग का बहुत महत्व है और उसे सबसे अधिक आर्थिक रूप से लाभदायक माना जाता है, और इसलिए उसका इस्तेमाल अधिकांश आधुनिक कंपनियों में किया जाता है।

**(2) BBA Course. : -** बीबीए का फुल फॉर्म - **Bachelor of Business Administration** है। बीबीए कोर्स **12**वीं कक्षा के बाद छात्रों द्वारा किए जाने वाले सबसे अधिक मांग वाले स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में से एक है। बीबीए बिजनेस मैनेजमेंट **(Business**

**Management** में तीन साल का पेशेवर स्नातक कोर्स है। बीबीए कोर्स करने के बाद आपके पास सेल्स, मार्केटिंग, शिक्षा, वित्त, सेल्स और सरकारी क्षेत्रों में नौकरी के बहुत से अवसर हैं।

**(3) Web Designing & Devloping Course: -** 12वीं के बाद जल्द से जल्द कमाने की सोच रहे छात्र वेब डिजाइनिंग का कोर्स कर सकते हैं. वेब डिजाइनिंग में शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोमा और डिग्री कोर्स उपलब्ध हैं. वेब डिजाइनिंग में डिप्लोमा कोर्स जहां 3 से 6 महीने का होता है तो वहीं डिग्री कोर्स 3 साल का होता है. वेब डिजाइनिंग का कोर्स कई प्राइवेट संस्थान कराते हैं. इस कोर्स के दौरान वेब डिजाइनिंग के साथ-साथ एनीमेशन की भी ट्रेनिंग दी जाती है. वेब डिज़ाइनिंग एक लोकप्रिय कोर्स है जो वेबसाइटों के निर्माण और रखरखाव से संबंधित है। वेब डिजाइनिंग पाठ्यक्रम करने वाले छात्र खुद को ऐसी वेबसाइट बनाने के कौशल और ज्ञान से लैस करेंगे जो उपयोगकर्ता के अनुकूल और उपयोग में आसान हों। वेब डिज़ाइन पाठ्यक्रमों में वेबसाइटों की योजना बनाना, और उनका रखरखाव करना शामिल है।

**(4) Influencer Course :-** इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग की एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें समग्र रूप से लक्षित बाजार के बजाय विशिष्ट व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह उन व्यक्तियों की पहचान करता है जो संभावित ग्राहकों को प्रभावित करते हैं और इन प्रभावशाली लोगों के आसपास विपणन गतिविधियों को उन्मुख करते हैं। प्रभावशाली मार्केटिंग का लक्ष्य किसी उत्पाद या सेवा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावशाली लोगों के साथ संबंध बनाना है। सोच यह है कि यदि ये व्यक्ति किसी उत्पाद को पसंद करते हैं और उसका समर्थन करते हैं, तो उनके अनुयायियों द्वारा भी ऐसा करने की अधिक संभावना होगी। अगर सही तरीके से किया जाए, तो प्रभावशाली मार्केटिंग नए ग्राहकों तक पहुंचने और किसी उत्पाद या सेवा को बढ़ावा देने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है।

**(5) Video Marketing: -** नाम से हीं स्पष्ट है कि विडियो माध्यम का इस्तेमाल करके मार्केटिंग करना हीं विडियो मार्केटिंग कहलाता है. जब अपने प्रोडक्ट्स/सर्विसेज को प्रमोट करने के लिए कोई भी कंपनी किसी डिजिटल चैनेल या सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विडियो डालकर कस्टमर इंगेजमेंट बढ़ाने की कोशिश करती है तो इसी को विडियो मार्केटिंग कहते हैं. आजकल लोग विडियो देखकर जानकारी इकठ्ठा करना भी ज्यादा पसंद कर रहे हैं. अगर सर्वेक्षणों की बात भी की जाए तो करीब 90% लोग विडियो सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि जानकारी इकठ्ठा करने के लिए भी देखते हैं. आप खुद हीं सोच कर देखिये आजकल हमलोग जब किसी भी काम में अटकते हैं तो सीधा यूट्यूब का रुख करते हैं. वहां विडियो ढूंढ कर अपनी परेशानी का हल ढूंढ लेते हैं. ये काफी आसन भी है और समय भी बचाता है. इसी तरह लोग विडियो मार्केटिंग के लिए बनाये गए वीडियोज में भी जल्दी इन्वोल्व हो जाते हैं.

## 2. Computer Courses :-

आज का युग कम्प्यूटर का युग है और यदि यह कहा जाए कि कम्प्यूटर के बिना हमारी जिंदगी अधूरी है तो यह कहना अनुचित नहीं होगा। टेक्नोलॉजी के इस दौर में आज हर काम कंप्यूटर के जरिए होता है। इसमें **MS Office**, कंप्यूटर फंडामेंटल्स, **tally**, सी प्रोग्रामिंग, **coral draw**, फोटोशॉप आदि सिखाया जाता है. कॉलेज/ यूनिवर्सिटी में ये कोर्स ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से होती है. अगर आप अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो डिजिटल मार्केटिंग स्किल काफी अच्छा है।

### Top 10 Computer Courses

**1. Certificate in Information Technology:-** सूचना प्रौद्योगिकी में सर्टिफिकेट कोर्स 1 साल की अवधि का स्नातक पाठ्यक्रम है। यह कोर्स दूरसंचार के साथ कंप्यूटर सॉफ्टवेयर

और कंप्यूटर हार्डवेयर के ज्ञान से संबंधित है। 'सूचना प्रौद्योगिकी में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम' के लिए पात्रता विज्ञान स्ट्रीम के साथ पंजीकृत संस्थान से 10+2 स्तर की योग्यता है।

2. **Computer Software and Hardware : -** वर्तमान में कंप्यूटर हमारे रोज़ के जीवन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। अधिकतर ऑफिस कार्य कंप्यूटर के माध्यम से ही होते हैं। इस कारण कंप्यूटर निर्माण और उनकी खराबी में सुधार आदि की बढ़ती मांगो के कारण कंप्यूटर हार्डवेयर एक्सपर्ट्स की भी मांग बढ़ती ही जा रही है। हार्डवेयर वे भौतिक भाग हैं जो कंप्यूटर बनाते हैं, जैसे कि कीबोर्ड और माउस। सॉफ़्टवेयर वे प्रोग्राम हैं जो आपके उपयोग के लिए कंप्यूटर पर चलते हैं। ये एमएस वर्ड और फोटोशॉप PDF जैसे प्रोग्राम हैं। ऐसे में अधिकतर युवाओं इस फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं, जिसके लिए कंप्यूटर हार्डवेयर की बेहतर शिक्षा बेहद जरूरी है। विभिन्न यूनिवर्सिटीज कई प्रकार के कंप्यूटर हार्डवेयर कोर्स प्रदान करतीं हैं।

3. **Automation Engineering. :-** ऑटोमेशन इंजीनियरिंग सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर टेक्नोलॉजीज को डिजाइन करने के दो प्रमुख डोमेन में फैला हुआ है। डिजिटल युग में ऑटोमेशन इंजीनियर का यह क्षेत्र अध्ययन का एक अनिवार्य क्षेत्र है क्योंकि हर बिज़नेस नवीन उपकरण और मशीनरी की मांग करता है जो एफिशिएंट प्रोडक्शन प्रोसेसेज को सुविधाजनक बना सके। **Automation** के माध्यम से एक **computer** से दुसरे **computer** पर किसी भी फाइल को आसानी से भेजा जा सकता है।

4. **Dimloma in Graphic Designing :-** ये दो साल का डिप्लोमा कोर्स है. अगर आप क्रिएटिव हैं और नया करते रहना अच्छा लगता है, तो ग्राफिक डिजाइनिंग आपके लिए एक अच्छा करियर ऑप्शन हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए किसी इंस्टिट्यूट से कोर्स किया जाए, कंप्यूटर और इंटरनेट हो तो घर बैठे ही आप इस फील्ड में ब्राइट करियर बना सकते हैं...क्या है ग्राफिक डिजाइनिंग ग्राफिक डिजाइन एक तरह की आर्ट है, जिसमें टेक्स्ट और ग्राफिक की मदद से मेसेज इफेक्टिव बनाया जाता है। मेसेज ग्राफिक्स, लोगो, ब्रोशर, न्यूज लेटर, पोस्टर या फिर किसी भी रूप में हो सकता है इस कोर्स में ग्राफिक डिजाइनिंग से जुड़ी बारीकियों को सिखाया जाता है और बेसिक के साथ-साथ एडवांस कोर्स के बारे में भी बताया जाता है

5. **Multi media :-** मल्टीमीडिया में डिप्लोमा एक स्नातक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है जो छात्रों को 2डी, 3डी, वेब, ग्राफिक, वेब, विजुअल इफेक्ट्स और सिनेमा 4डी की अवधारणाओं में तैयार करता है। यह पाठ्यक्रम पूर्णकालिक मोड में न्यूनतम 12 महीने या अधिकतम 19 या 24 महीने की अवधि के लिए पेश किया जाता है।

6. **Diploma in Nutrition & Helth Education.** डिप्लोमा कार्यक्रम एक समग्र पैकेज है जो शिक्षार्थी को पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है। यह शिक्षार्थियों को समुदाय तक पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संप्रेषित करने में कौशल विकसित करने में भी सक्षम बनाता है।

7. **Diploma in Cabin Crew Training Course:-** केबिन क्रू सर्विसेज और हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट में डिप्लोमा छह महीने से एक साल का कोर्स है जो एयरलाइन, पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में ग्राहकों के प्रबंधन के संबंध में छात्रों को प्रशिक्षण देने पर केंद्रित है।

8. **Diploma in Interior Decorator:-** इस कोर्स के तहत छात्र को बेसिक डिजाइनिंग, फॉर्मेटिंग, स्ट्रक्चर बनाना, वास्तुकला, ड्रॉइंग, बजट कॉस्टिंग, सही वस्तुओं का चयन, फर्नीचर के प्रकार आदि की जानकारी दी जाती है. ये हैं कैरियर विकल्प: इंटीरियर डिजाइनिंग में कैरियर की संभावनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

**9. Cyber Security. :-** साइबर सिक्योरिटी कोर्स के माध्यम से छात्रों को पासवर्ड कैसे सुरक्षित रखें, फोन एप्लीकेशंस को कैसे मैनेज करें, डिजिटल पेमेंट्स सिक्योरिटी व कैसे बचें, साइब अटैक क्या है और कैसे बचें, अपने वाईफाई को दूसरों से कैसे सुरक्षित रखें, साइबर कानून, सोशल मीडिया सिक्योरिटी, ई कॉमर्स और डिजिटल भुगतान आदि सिखाया जाएगा. साइबर सुरक्षा कंप्यूटर, सर्वर, मोबाइल डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को दुर्भावनापूर्ण हमलों से बचाने की प्रथा है

**10. Data Entery and Analytics :-** डाटा एंट्री का यह कोर्स बिगिनर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है। जिसमें विद्यार्थी कंप्यूटर की शुरुआती जानकारी के साथ कंप्यूटर ऑपरेट करना सीख सकते है। कोर्स में माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, एक्सेल, पॉवरपॉइंट, टैली अकाउंटिंग जैसे महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर की सभी अवयस्क जानकारी दी गई है।

**11. Animation** एनिमेटर बनने के लिए एनिमेशन में बैचलर या डिप्लोमा डिग्री अनिवार्य है। विभिन्न कॉलेज एनिमेशन में अंडरग्रेजुएट या डिप्लोमा कोर्स कराते हैं और कोर्स की अवधि छह महीने से लेकर 4 साल तक होती है। यदि आप एनिमेशन को अपने करियर पथ के रूप में लेना चाहते हैं, तो आप फाइन आर्ट्स में बैचलर डिग्री करना भी चुन सकते हैं। डिजिटल दुनिया में स्पेशल इफेक्ट्स की खास अहमियत को देखते हुए एनीमेशन सबसे ज्यादा डिमांड वाले करियर ऑप्शन्स में से एक हो गया है. पिछले कुछ वर्षों में इस फील्ड की तरफ युवाओं का आकर्षण बढ़ा है. इसकी वजह है- हाई सैलरी और करियर ग्रोथ. इस फील्ड में क्रिएटिविटी दिखाने के मौके और देश-विदेश में रोजगार के अवसर भी मिलते हैं. फिल्म, टेलीविज़न, विज्ञापन जैसे कई क्षेत्रों में एनीमेशन का बोलबाला है. अगर आप भी ऐसे करियर विकल्प की तलाश में हैं, जहां कमाई और अपॉर्च्युनिटी की कोई कमी न हो, तो आप एनीमेशन में करियर बना सकते हैं. आइए जानते हैं, एनीमेशन में करियर कैसे बना सकते हैं? इसके लिए क्या योग्यता चाहिए? कौन सा कोर्स करें? एनीमेशन कोर्स के बाद कमाई कितनी हो सकती है.

## PARA MEDICAL COURSE

**3. Para Medical Course :-** पैरा मेडिकल यानि वो क्षेत्र जिसमें काम करने वाले व्यक्ति को सहायक चिकित्सक भी कहा जाता है। क्योंकि ये एक तरह से डॉक्टर की तरह ही काम करते हैं। पैरामेडिकल कोर्स वह कोर्स होते हैं जिनको करने के बाद आप हेल्थ केयर के क्षेत्र में चले जाते हैं। अब अगर हम इसे साधारण शब्दों में समझे तो पैरामेडिक उन्हें बोलते हैं जो एक्स-रे करते हैं, सोनोग्राफी करते हैं, फिजियोथैरेपी करते हैं। पैरामेडिकल कोर्स करने वाले छात्रों को पैरामेडिक कहा जाता है। एक पैरामेडिक हेल्थ केयर की सर्विस करने के अलावा इमरजेंसी कंडीशन में मरीज को पहली ट्रीटमेंट भी देता है जिसे ' फर्स्ट ऐड ' कहते हैं। हॉस्पिटल में इमरजेंसी कंडीशन में ज्यादातर पैरामेडिकल स्टाफ ही मौजूद होता है। पैरा मेडिकल मेडिकल इंडस्ट्री के लिए एक बैकबोन रीड की हड्डी की तरह काम करता है। 10+2 वीं पास करने के बाद अगर आप भी पैरामेडिकल की लाइन में जाने की सोच रहे हैं तो ऐसे कई सरकारी और निजी संस्थान हैं जहां से पैरामेडिसिन की पढ़ाई की जा सकती है।

पैरामेडिकल कोर्स तीन प्रकार के होते हैं जिनके नाम नीचे दिए हुए हैं-

(i) डिग्री पैरामेडिकल कोर्स – डिग्री पैरामेडिकल कोर्स को पूरा करने में आपको 1.5 वर्ष से लेकर 4 वर्ष का वक्त लग सकता है।

(i) डिप्लोमा पैरामेडिकल कोर्स – डिप्लोमा पैरामेडिकल कोर्स को पूरा करने में आपको 1 से 2 वर्ष तक का वक्त लग सकता है।

(ii) **सर्टिफिकेट पैरामेडिकल कोर्स – सर्टिफिकेट पैरामेडिकल कोर्स को आप 1 से 2 वर्ष के अंदर पूरी कर सकते हैं।**

## TOP 5 Para Medical Courses :-

**आप मेडिकल फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो यह सबसे बेहतरीन कोर्स हैं पेरामेडिकल साइंस में डायग्नोसिस, फिजियोथेरेपी, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी जैसे कई कोर्स उपलब्ध है। आज कुशल पैरामेडिकल प्रोफेशनल की मांग न सिर्फ भारत में है बल्कि अमेरिका, कनाडा, यूके और यूएई जैसे देशों में भी है। पैरामेडिकल में डिग्री, डिप्लोमा से लेकर सर्टिफिकेट तक के कोर्स उपलब्ध है। अगर आप बायोलॉजी से 12वीं पास है तो इन कोर्सेस में एडमिशन ले सकते है।**

**1. Medical Record Technology - मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नोलॉजी कोर्स छात्रों को मेडिकल रिकॉर्ड तकनीशियन या स्वास्थ्य सूचना तकनीशियन पेशेवर बनने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह एक प्रशासनिक कार्य है जिसमें अस्पताल, क्लीनिक, नर्सिंग होम और डॉक्टर के कार्यालय जैसे चिकित्सा कार्यालय सेटिंग्स में रिकॉर्ड रखना और बनाए रखना शामिल है।**

**2. Medical Leb Technology - मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में डिग्री, डिप्लोमा से लेकर शॉर्ट टर्म के सर्टिफिकेट कोर्स भी करवाए जाते है। इस कोर्स में आपको किसी बिमारी को डायग्नोस करना सिखाया जाता है। जब डॉक्टर किसी मरीज के लक्षण देखता है तो उसे किसी बिमारी का संदेह होता है। उस बिमारी की पुष्टि के लिए डॉक्टर जरूरी टेस्ट करवाने के लिए कहता है। तब मरीज का सैंपल लेकर टेस्ट लगाकर उस बिमारी को डायग्नोस करने वाला शख्स ही मेडिकल लैब प्रोफेशनल कहलाता है। लाइफस्टाइल में बदलाव के चलते आज इस फील्ड में जॉब के कई अवसर उपलब्ध हुए है। आज हर छोटे शहर में डायग्नोस्टिक सेंटर खुलने से इस क्षेत्र के प्रोफेशनल की मांग बढ़ गई है। अगर आप भी इस फील्ड में करियर बनाना चाहते है तो आपका भविष्य सुनहरा हो सकता है**

**3. Physiotherophy - फिजियोथेरेपी में कई तरह के कोर्स उपलब्ध है। यह एक हेल्थकेयर प्रोफेशन है जिसमें शरीर के चोटिल अंग को दोबारा ठीक करने का काम किया जाता है। इसमें कई तरह की मसाज और एक्सरसाइज के साथ ही ऊष्मा, रेडिएशन, पानी, इलेक्ट्रिकल गजेंट्स के जरिए चोटिल हुए अंगों, मांसपेशियों, जोड़ों और हड्डियों को ठीक करने का काम किया जाता है। एक प्रोफेशनल फिजियोथेरेपिस्ट के लिए रोजगार के कई अवसर उपलब्ध है, उसे किसी अस्पताल, स्पोर्ट्स एकेडमी आदि जगहों पर आसानी से जॉब मिल जाता है। आप इसमें चार वर्षीय डिग्री कोर्स भी कर सकते है। इसके अलावा इस फील्ड में डिप्लोमा कोर्स भी किए जा सकते है।**

**4. Nursing - नर्सिंग एक बेहतरीन करियर विकल्प है जिसके बिना डॉक्टरों का पेशा पूरा नही हो सकता। नर्स मूल रूप से डॉक्टर्स की मदद करती है लेकिन इसके अलावा भी एक नर्स को कई तरह के काम करने होते है जैसे मरीजों को इंजेक्शन लगाना, दवाएं देना, ड्रेसिंग करना और सर्जरी में डॉक्टर की मदद करना। इस क्षेत्र में प्रोफेशनल्स की काफी मांग जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, स्कूल, प्राइवेट क्लिनिक में आसानी से जॉब पाई जा सकती है। इसके अलावा एक नर्सिंग प्रोफेशनल को डिफेंस फोर्स में भी मौका मिल सकता है। नर्सिंग की फील्ड में डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट के कोर्स किए जा सकते है। इसका चार वर्षीय डिग्री प्रोग्राम कोर्स बीएससी नर्सिंग काफी पॉपुलर है। इसके अलावा जनरल**

नर्सिंग मिडवाइफरी (जीएनएम), ऑग्जिलरी नर्स मिडवाइफ (एएनएम) जैसे कोर्स भी किए जा सकते है

5. फार्मासिस्ट- फार्मा से संबंधित इस फील्ड से जुड़े लोगों को फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स बनाने, फार्मास्युटिकल प्रोडक्शन के तरीके विकसित करना और क्वालिटी कंट्रोल आदि से जुड़े काम करने होते है। इस फील्ड में प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद फार्मा कंपनी, रिसर्च से जुड़े संस्थान, डिस्पेंसरी और मेडिकल स्टोर्स आदि में काम मिल सकता है। इसके अलावा आप मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के तौर पर भी काम कर सकते है। MP Board 2024: देवास जिले के 10वीं, 12वीं के टॉपर छात्रों की सूची

6. प्रोस्थेटिक और ऑर्थोटिक इंजीनियरिंग- पैरामेडिकल के इस क्षेत्र में शरीर के क्षतिग्रस्त या बेकार हो चुके अंगो की जगह कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाने का काम किया है। इस फिल्ड में प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद अस्पताल, रिहेबिलिटेशन सेंटर, डायग्नोस्टिक सेंटर, पॉलीक्लिनिक्स आदि में जॉब मिल सकती है। इस फील्ड में साढ़े चार वर्षीय डिप्लोमा कोर्स काफी पॉपुलर है। इन कुछ खास कोर्सेस के अलावा पैरामेडिकल साइंस में कई तरह के कोर्स किए जा सकते है जैसे रेडियोग्राफी, एक्सरे टेक्नोलॉजी, मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी, ऑडियोलॉजी एंड स्पीच थैरेपी, डेंटल हाइजीन, ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन, ऑप्टोमिट्री एंड ऑप्थेल्मिक असिस्टेंस रेडियोलॉजी एण्ड इमेज, Occupational Therapy आदि ।

# धानका जनजाति समाज समिति दिल्ली (पंजी.)

**कार्यालय – ई-505, वेस्ट विनोद नगर, नई दिल्ली**

**दूरभाष 9212333327, 8178206165, 9650283605**

## पाँचवा परामर्श सलाह सहायता कैम्प
## दिनांक 12 मई 2024 (रविवार)

## AFTER 12Th IN ARTS

हमारी सोसायटी में आर्ट्स सब्जेक्ट को लेकर कुछ आम निगेटिव धारणाएं हैं. पहला कि जो पढ़ने में तेज नहीं है, वही आर्ट्स लेता है. दूसरा कि आर्ट्स सब्जेक्ट में करियर ऑप्शन खत्म हो रहे हैं. बहुत सारे स्टूडेंट लोगों से यही सुनकर निराश हो जाते हैं. इनमें से कई ऐसे स्टूडेंट होते हैं, जो बहुत कुछ कर सकते हैं, लेकिन छोटी-मोटी जॉब में लग जाते हैं और आगे नहीं पढ़ पाते हैं. वे सोचते हैं कि Arts ले ली तो फ्यूचर अच्छा नहीं है. लेकिन सच्चाई यह है कि करियर को लेकर सबसे ज्यादा मौके और इनकम आर्ट्स के फील्ड्स में ही है.

सिविल सर्विस टॉपर रहीं सोशल मीडिया में एक्टिव और आजकल राजस्थान में कलेक्टर टीना डाबी को तो आप जानते ही होंगे. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि जब मैने आर्ट्स लेने का फैसला किया तो कई रिलेटिव और जानने वालों ने कहा कि शायद यह पढ़ने में अच्छी नहीं है. इसलिए आर्ट्स लिया है. लेकिन मेरी दिलचस्पी आर्ट्स में थी और इसी वजह से आईएएस टॉपर बन पाई. अगर पिछले रिकॉर्ड देखें तो BA Course करने वाले सबसे ज्यादा IAS बनते हैं।

आज यहां हम चर्चा करेंगे उन कोर्सेज के बारे में जहां आपके लिए करियर ऑप्शन हो सकते हैं जहा आप अपने लिए बेस्ट केरियर आप्शन चुन सकते हैं।

## 1. BA यानी बैचलर ऑफ आर्ट्स OR BA (Hons) बैचलर ऑफ ऑनर्स

BA ओर BA Hons के विषय समान्तर होते हैं। इनमें से आप किसी भी एक विषय में BA Hons कर सकते हैं। इसमें पहला है बीए प्रोग्राम और दूसरा है ऑनर्स. दोनों ही तीन साल का कोर्स हैं. बेहतर होगा कि ऑनर्स लें. इससे आगे करियर बेहतर रहता है. सवाल है कि सब्जेक्ट क्या लिए जा सकते हैं. बीए किसी रीजनल लैंग्वेज जैसे हिन्दी, इंग्लिश, पंजाबी, फ्रेंच, जर्मन, या दूसरा सब्जेक्ट जैसे पॉलटिकल साइंस, फिलॉसफी, मैथेमैटिक्स, पब्लिक एडमेनिस्ट्रेशन, सोसियोलॉजी, लाइब्रेरी साइंस, हिस्ट्री में कर सकते हैं. जैसा हमने पहले बताया है, सभी का ड्यूरेशन तीन साल का है.

अब सवाल है कि ओपन से बेहतर रेगुलर क्यों है? ऐसे में आपके लिए जानना जरूरी है कि दोनों की डिग्री की वैल्यू सेम है. अगर आपको लगता है कि पढ़ाई के साथ में जॉब करना है और रेगुलर कॉलेज नहीं कर सकते हैं तो ओपन कोर्स आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है. अगर आपको लगता है कि

आपके पास कॉलेज जाने का टाइम है तो आपको रेगुलर कोर्स करना चाहिए. मेरी राय में बेहतर तो होगा कि आपको रेगुलर कोर्स करना चाहिए. क्योंकि कॉलेज में आपको हर टाइप के स्टूडेंट मिलते हैं. स्कूल के बाद यहां एक अलग तरह का माहौल देखने और महसूस करने को मिलता है. सीखने को बहुत कुछ मिलता है. हर स्टेट से स्टूडेंट्स आते हैं. गरीब, अमीर सब मिलेंगे. तो सोसायटी को आप बेहतर तरीके से समझ सकेंगे. वैसे तो दोनों ही कोर्स अपनी जगह बेटर हैं. यहां स्टूडेंट पर डिपेंड करता है कि वह क्या करना चाहता है.

## BA COURSE

अगर आप ने 12वीं आर्ट्स से की है और आपको समझ नहीं आ रहा है तो आपके लिए हम बेस्ट करियर ऑप्शन बता रहे हैं। अगर आप इन क्षेत्र में करियर बनाते हैं तो आपका भविष्य चमक सकता है।

## TOP 10 COURSES FOR ARTS

1. **BA Socialogy -** बीए इन सोशियोलॉजी - 12वीं के बाद स्टूडेंट्स सोशियोलॉजी में बीए कर सकते हैं। देश की कई यूनिवर्सिटीज की तरफ से ये कोर्से संचालित किए जाते हैं। सोशियोलॉजी से बीए करने के बाद छात्र पोस्टग्रेजुएशन और पीएचडी करके असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। आज के दौर में असिस्टेंट प्रोफेसर की डिमांड बहुत ज्यादा है। साथ ही एक सम्माननीय पेशा भी है।

2. **BA Economics -** 12वीं के बाद स्टूडेंट्स बीए इन इकोनॉमिक्स की पढ़ाई भी कर सकते हैं। बीए इन इकोनॉमिक्स इकोनिमक्स करने के बाद स्टूडेंट्स एमबीए, पीएचडी या फिर खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कई कंपनियों की तरफ से बीए इकोनॉमिक्स की पढ़ाई कर चुके युवाओं की हायरिंग की जाती है।

3. **BA LLB -** बीएएलएलबी - 12वीं बाद स्टूडेंट्स बीए एलएलबी की पढ़ाई कर सकते हैं और एलएलबी यानी बैचलर ऑफ लॉ भारत में एक लोकप्रिय ग्रैजुएट डिग्री कोर्स है। यह तीन साल का कोर्स है, जो कानूनी अध्ययन और कानून से संबंधित विषयों पर केंद्रित है। पाठ्यक्रम में कॉन्ट्रैक्ट लॉ, आपराधिक कानून, नागरिक कानून, संपत्ति कानून, कॉर्पोरेट कानून और संवैधानिक कानून जैसे विषय शामिल हैं। एलएलबी प्रवेश ग्रैजुएशन के बाद (LLB law degree course) में एडमिशन ले सकते हैं। एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दो चैनलों के माध्यम से किया जा सकता है: (1) प्रवेश परीक्षाओं के अंकों के आधार पर जैसे पीयू एलएलबी, डीयू एलएलबी, और एमएच सीईटी लॉ और (2) योग्यता परीक्षा (12वीं) के अंकों के आधार पर। बीए के बाद एलएलबी करने के लिए SC, ST छात्रों को 45% से अधिक और OBC छात्रों को 55%-60% से बैचलर पास करनी होती है। वहीं जनरल केटेगरी को फर्स्ट क्लास या उससे अधिक अंकों से पास होना होगा। विदेश में एलएलबी करने के लिए आपको 60% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने होंगे। इसके लिए आप CLAT का Entrance Exam पास कराना होगा

| Subject & College | Eligibility | Duration | Remarks |
|---|---|---|---|
| BA LLB Bachelor of Legislative Law<br><br>The College Name : | 10+2 Pass with 60% Marks and English is Compulsory | 5 Year Integrated | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1. Gura Govind Singh College Dwarka**<br>**2. Amity Law School Delhi**<br>**3. Army Institute of Law Patiala**<br>**4. Bharti Vidhyapeet New Law Collage Pune**<br>**5. Vivekanand Institute of Shivaji Park Delhi 55**<br>**6. MDU's National Law College Gurugram** | | | |

**4. BA MBA - बीए एमबीए - 12वीं बाद स्टूडेंट्स बीए एमबीए भी कर सकते हैं। 5 वर्षीय एमबीए का कोर्स तमाम वि वि की तरफ से आयोजित किया जाता है। इसके लिए स्टूडेंट्स क्लैट का एग्जाम भी दे सकते हैं।**

**5. SSC की तैयारी - स्टूडेंट्स 12वीं बाद एसएससी की तैयारी कर सकते हैं। एसएससी की तरफ से 12वीं स्तर की कई परीक्षाएं आयोजित करवाई जाती हैं। अधिक जानकारी अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर चेक कर सकते हैं।**

**6. Bachelor of Fine Arts - अगर आपकी Painting ( कला) अच्छी है और आपको चित्र कला आती है तो आप (बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स) ले सकते हैं यह एक स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम है जो दृश्य या प्रदर्शन कला के अध्ययन से संबंधित है। पाठ्यक्रम को कभी-कभी बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (बीवीए) के रूप में भी जाना जाता है जिसमें विजुअल आर्ट्स के अध्ययन में पेंटिंग, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, साहित्य, एनीमेशन इत्यादि जैसे विषय शामिल होते हैं।**

**7. Bachelor of Fashion designing - बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग का भी कोर्स इंटर बाद किया जा सकता है। तमाम कॉलेज हैं जो फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कराते हैं। इसके अलावा बैचलर इन फैशन डिजाइनिंग के लिए नीफ्ट (NIFT) का भी कोर्स किया जा सकता है।**

**8. Bachelore of Mass Media - बैचलर ऑफ मास मीडिया - 12वीं बाद स्टूडेंट्स बैचलर ऑफ मास मीडिया की पढ़ाई कर सकते हैं। कई संस्थान ऐसे हैं, जो मास मीडिया का कोर्स कराते हैं। बैचलर की डिग्री लेने के बाद स्टूडेंट्स मास्टर की डिग्री ले सकते हैं।**

| **Subject & College** | **Eligibility** | **Duration** | **Remarks** |
|---|---|---|---|
| **Bachelore of Mass Media Communicationn in 3 major Section**<br>**1. Print Media – News Paper & Magazines**<br>**2. Visual Media – Film & TV**<br>**3. Audia Media**<br><br>**The College Name :** | **$12^{th}$ Pass with 50% Marks** | **3 Year** | **Student taking Admission in B-Ed will have to apply Online and given an Entrance Exam will Heldon Jul. After the Exam the Marit List is issue on the basis of the admission is done** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1. Delhi University**<br>**2. Guru Govind Singh College**<br>**3. Pune university**<br>**4. Punjab University, Chandigarh**<br>**5. Banaras Hidu University Varnasi.**<br>**6. Nagpur University** | | | |

**9. Event Management** - इवेंट मैनेजमेंट - 12वीं की पढ़ाई के बाद आर्ट्स या फिर किसी भी स्ट्रीम के स्टूडेंट्स इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई कर सकते हैं। इवेंट मैनेजमेंट की पढ़ाई के दौरान स्टूडेंट्स इवेंट मैनेजर, वेडिंग प्लानर आदि की पढ़ाई कर सकते हैं। साथ ही कई कंपनियों की तरफ से भी इवेंट मैनेजमेंट प्रोफेशनल की हायरिंग की जाती है।

**10. BA in English** बीए इन इंग्लिश - 12वीं आर्ट्स स्ट्रीम से पढ़ाई करने के बाद स्टूडेंट्स बीए इन इंग्लिश कर सकते हैं। इसके बाद पोस्टग्रेजुएशन करके पीएचडी कर सकते हैं और असिस्टेंट प्रोफेसर बन सकते हैं। इसके अलावा स्टूडेंट्स इंग्लिश से पढ़ाई करने के बाद लिंग्विस्टिक के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। वैश्विकरण के बाद किसी एक भाषा में एक्सपर्ट प्रोफेशनल की मांग बढ़ी है।

**11. <u>टीचर बनने के लिए 12वीं के बाद क्या करें- स्टेप बाय स्टेप गाइड</u>**

**(D-EL-ED) – DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION - इस कोर्स के करने लिए आपको 10+2 में 50% अंको के साथ पास करने के पश्चात आप डी.एल.एड: डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (D.El.ED.) कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हो। यह एक प्राइमरी टीचर ट्रेनिंग डिप्लोमा कोर्स है। इस ट्रेनिंग कोर्स में, उम्मीदवारों को प्रारंभिक शिक्षकों के रूप में स्कूलों में पढ़ाने के लिए ट्रेन किया जाता है। कोर्स की अवधि 2 वर्ष है।**

**अगर आप एक टीचर बनना चाहते हैं तो आपको 12वीं पास करनी होगी। 12वीं में वही सब्जेक्ट चुने जिसमें आपकी विशेष रूचि हो। जैसे कि अगर आपको गणित लेना है, तो विज्ञान भी लें और पूरी मेहनत कर के पास हो जाएं। ग्रेजुएशन की पूरी पढ़ाई करें: अगर आप एक टीचर बनना चाहते हैं तो आपको 12वीं करने के बाद ग्रेजुएशन करनी होगी। उससे ही आपके लिए टीचर बनने का रास्ता खुलेगा और ग्रेजुएशन में उसी सब्जेक्ट को चुनें जिस सब्जेक्ट में आप रूचि रखते हों।**

**B.Ed कोर्स के लिए आवेदन - जैसे ही छात्र अपनी ग्रेजुएशन अच्छे अंक से पास कर लेते हैं तो उसके बाद आपको BEd कोर्स के लिए अप्लाई कर देना चाहिए। BEd कंप्लीट कर लेने के बाद आप किसी भी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक टीचर बन सकते हैं और सरकारी स्कूल में पढ़ा सकते हैं। यह कोर्स पहले 1 साल का होता था लेकिन अब इसे 2 साल का**

**कोर्स बना दिया गया है। यदि आप ग्रेजुएशन और बीएड साथ में करना चाहते हैं, तो आप बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स या बीएससी बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स का चयन कर सकते हैं।**

**टीचर बनने के लिए BEd और ग्रेजुएशन की डिग्री होनी बहुत जरूरी है। बीएड के बाद आपको टीचर बनने की आवश्यक परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। CTET इन एग्जाम को दो भागों में रखा गया है, पेपर 1 और पेपर 2। अगर आप 1st से 5th तक के छात्रों को पढ़ाना चाहते तो आप पेपर 1 के लिए तैयारी कीजिए, अगर आप 6th को पढ़ाना चाहते हैं तो आप पेपर 2 के लिए तैयारी कीजिए। अगर आप 1st से 10th क्लास तक के छात्रों को पढ़ाना चाहते हैं तब आपको दोनों पेपर क्लियर करने होगें।**

## <u>12वीं के बाद टीचर बनने के लिए कुछ प्रमुख कोर्सेज़</u>

**भारत में शिक्षक बनने के लिए, छात्रों को अपनी यूजी डिग्री पूरी करने के बाद बीएड कोर्स के साथ ग्रेजुएट होना चाहिए। बीएड के अलावा अन्य प्राइवेट स्कूलों में टीचर बनने के लिए आवश्यक कोर्स इस प्रकार हैं-**

**बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स: बीए बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स बैचलर ऑफ आर्ट्स (बीए) और बैचलर ऑफ एजुकेशन (बीएड) की दो डिग्री का मिश्रण है। कोर्स की अवधि 4 साल है। चार वर्षों में विभाजित, यह कोर्स कला और व्यावसायिक अध्ययन से संबंधित विषयों का गहन ज्ञान प्रदान करता है। कोर्स छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल्स और शिक्षण कार्य के लिए एक अनुभव देता है। इस कोर्स के लिए आवश्यक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड परीक्षा से 10+2 में कुल 50% अंक प्राप्त करना है।**

**बीएससी और बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स: बीएससी और बीएड इंटीग्रेटेड कोर्स: बीएससी बीएड चार वर्षीय इंटीग्रेटेड डिग्री प्रोग्राम है। छात्र फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित विषयों में अपनी 10+2 बोर्ड परीक्षा पूरी करने के तुरंत बाद इस कार्यक्रम को शुरू कर सकते हैं। बीएससी बीएड एक दोहरी डिग्री है जिसमें बीएससी और बीएड दोनों शामिल हैं जहां बीएससी बैचलर ऑफ साइंस के लिए है, जबकि बीएड बैचलर ऑफ एजुकेशन के लिए है।**

**बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (BPEd) को BPE कोर्स के रूप में भी जाना जाता है। यह 3 साल का अंडरग्रैजुएट कोर्स है और यह मुख्य रूप से शारीरिक शिक्षा पर केंद्रित है। इस कोर्स की पात्रता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड परीक्षा से 10+2 में कुल 50% अंक प्राप्त करना है। प्रतिशत स्कूल से स्कूल में भिन्न हो सकता है।**

**बी.एड: बैचलर ऑफ एजुकेशन (B.ED) एक अंडरग्रेजुएट कोर्स है। शिक्षक के रूप में करियर बनाने के इच्छुक उम्मीदवार यह कोर्स कर सकते हैं। यह कोर्स 10+2 के बाद या किसी ग्रेजुएशन की डिग्री पूरी करने के बाद किया जा सकता है। माध्यमिक या उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पढ़ाने के लिए बीएड अनिवार्य है। कोर्स करने के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा को क्रैक करने की आवश्यकता होती है।**

| Subject & College | Eligibility | Duration | Remarks |
|---|---|---|---|
| **B-Ed Bachelor of Education**<br><br>**The College Name :**<br><br>1. Delhi University<br>2. Lady Irwin College<br>3. Lady Shree Ram College<br>4. Gargi College<br>5. Jesus and Marry College<br>6. Guru Govind Singh College<br>7. Marrinda College<br>8, Indra Gandhi Open University<br>9. Maharaja Surajmal Institute<br><br>**Best Diploma collage**<br><br>Guru Govind Singh Collage<br><br>SGT University Gurgoan<br><br>Amity Collage, Noida<br><br>Collage of Vocational Studies University of Delhi | 12th Pass with 50% Marks | 4 Year | Student taking Admission in B-Ed will have to apply Online and given an Entrance Exam will Heldon Jul. After the Exam the Marit List is issue on the basis of the admission is done |

**12. Bachelore Hotel Management** - का मतलब है होटल को हर तरह से मैनेज करना। होटल में होने वाली हर एक्टिविटी को सही तरीके से और सही समय पर करना। होटल मैनेजमेंट का कोर्स एक एजुकेशनल प्रोग्राम है जो की विद्यार्थियों को हॉस्पिटैलिटी की फील्ड के अंदर ज्ञान प्रदान करता है जिसके अंदर hotels, resorts, और other lodging establishments के बारे में सिखाया जाता है।

| Subject & College | Eligibility | Duration | Remarks |
|---|---|---|---|
| **Bachelore of Hotel Management Courses** | 10+2 Pass with 60% | 4 Year Integrated | After 12th offer a great way to enter the hotel industry. By completing |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **The College Name :**<br><br>1. **Maharaja Agrasen College**<br>2. **Banasthali Vidhyapeet**<br>3. **NIMS University**<br>4. **Chandigarh University**<br>5. **Guru Govind Singh University Dwarka.**<br>6. **ABHI Institute of Hotel Management New Delhi**<br>7. **Delhi University of Hotel Management New Delhi**<br>8. **Banarasi Das Chandiwala Institute of Hotel New Delhi**<br>9. **Indian Hotel Academy (HR) New Delhi**<br>10. **Ashoka Institute of Hospitality & Tourism New Delhi** | **Marks and English is Compulsory** | | **a hotel management course, students gain the skills and knowledge needed to succeed in this competitive field. There are many different types of hotel management courses available, from two-year associate degree programs to four-year bachelor's degree programs. Students can choose to specialize in areas such as hospitality management, tourism management, or event planning.** |

- **BA (Hons)** बैचलर ऑफ ऑनर्स - बीए ऑनर्स में किसी खास विषय में स्पेशलाइजेशन करवाया जाता है (BA Honours). अगर कोई BA Hons. कर रहा है, तो इसमें एक सब्जेक्ट मुख्य विषय होता है। इसमें किसी एक विषय के बारे में ज्यादा पढ़ना होता है।

# धानका जनजाति समाज समिति दिल्ली (पंजी.)
## कार्यालय – ई-505, वेस्ट विनोद नगर, नई दिल्ली
## दूरभाष 9212333327, 8178206165, 9650283605

## पाँचवा परामर्श सलाह सहायता कैम्प
## दिनांक 12 मई 2024 (रविवार)

## AFTER 12Th IN COMMERCE

## B.Com OR B.Com (Hons)

**B.Com - बी कॉम का पूरा नाम बैचलर ऑफ कॉमर्स होता है। - बैचलर ऑफ कॉमर्स यूनिवर्सटिकी के अनुसार वार्षिक या सेमेस्टर के अनुसार हो सकता है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए आपको 12वीं पास होना जरूरी है। कई कॉलेज और यूनिवर्सिटी में बीकॉम में एडमिशन प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है। इसमें आपको एकाउंटिंग कोर्स, बैंकिंग,फाइनेंस तथा इनकम, टैक्स, बिजनेस संबंधित पाठ पढ़ाया जाता है बीकॉम एक प्रोफेशनल डिग्री कोर्स है। उनके लिए कौन कौन से अच्छे विकल्प है जान लेते है |**

**1. Chartered Accountancy - चार्टेड अकॉउंटेन्सी आज के सबसे प्रतिष्ठित कोर्सेज में से एक है 12वीं का रिजल्ट आने के बाद किसी भी स्ट्रीम के छात्र CA कोर्स में दाखिला ले सकते है | तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और पिछले सालो में हुए GST जैसे टैक्स रिफॉर्म के कारन CA की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है | यह कोर्स अन्य किसी भी प्रोफेसनल कोर्स की तुलना में सस्ता है | और अगर आप लगन मेहनत से पढाई करते है और गाइडेंस के लिए किसी अच्छे इंस्टीट्यूट से कोचिंग लेते है तो आप कोर्स को 4 साल में पास कर सकते है | और 12th पास करने के 4 साल बाद CA के रूप में किसी अच्छी कम्पनी में जॉब कर सकते है या स्वतंत्र रूप से अपना कार्य कर सकते है | इस कोर्स को करने के बाद आपकी इनकम बढ़ने के साथ आपकी समाज में प्रतिष्ठा भी बढ़ती है |**

